दिनांकः 10.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकसित राजस्थान 2047 से जुड़े कामों के लिए ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिये।
- विधानसभा में आज राजस्थान नगर पालिका संशोधन विधेयक सहित दो विधेयक विचारार्थ रखे जाएंगे।
- केन्द्र सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने और अतिरिक्त उत्पादन को घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।
- प्रदेश के दक्षिणी–पश्चिमी हिस्सों में आज हीटवेव की संभावना–अधिकतर स्थानों पर तापमान सामान्य से 4 से 8 डिग्री ऊपर रहने के आसार।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकसित राजस्थान 2047 से जुड़े कामों के लिए ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिये हैं। कल मुख्यमंत्री कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए धरातल पर पानी, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा और सड़क सहित सभी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के लिए सर्वे किया जाए, ताकि संसाधनों का सदुपयोग सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधारभूत सुविधाओं का सुनियोजित विकास राज्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता के मामलों में सख्ती दिखाते हुए 50 प्रकरणों में कार्रवाई की है। इनमें 27 आर.ए.एस. अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने और एक आई.पी.एस. अधिकारी की सज़ा बढ़ाने की मंजूरी दी है। इसके साथ ही अभियोजन स्वीकृति और विभागीय जांच से जुड़े मामलों का निस्तारण करते हुए कई अधिकारियों के खिलाफ दण्डात्मक निर्णयों को स्वीकृति दी है। इनमें निजी व्यक्तियों के पक्ष में गैर कानूनी तरीके से आदेश पारित कर अवैध लाभ पहुंचाने के आरोपों में दो अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति दी है।

राज्य विधानसभा में आज दो विधेयक विचारार्थ रखे जाएंगे। प्रभारी मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ महाराणा प्रताप खेलकूद विश्वविद्यालय जयपुर विधेयक 2025 प्रस्तुत करेंगे। इसका उद्देश्य राज्य में खेलकूद, शारीरिक शिक्षा को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए खेलकूद विश्वविद्यालय स्थापित और नियमित करना है।

वहीं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा राजस्थान नगरपालिका संशोधन विधेयक 2026 सदन में चर्चा के लिए पेश करेंगे। पक्ष और विपक्ष की बहस के बाद इन दोनों विधेयकों को पारित करवाया जाएगा। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा विभिन्न विश्वविद्यालयों के वार्षिक प्रतिवेदन सदन में रखेंगे। विधानसभा में आज विधायक कांति प्रसाद, गुरूवीर सिंह, छोटू सिंह और मनोज कुमार ध्यानाकर्षण प्रस्तावों के जरिये संबंधित मंत्रियों का ध्यान आकर्षित करेंगे।

राष्ट्रीय महिला आयोग के देशव्यापी जनसुनवाई अभियान की कल से जयपुर से शुरूआत हुई। आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने राजस्थान पुलिस अकादमी में इस मुहिम की शुरूआत की। इसके तहत 14 मार्च तक देश के 500 जिलों में महिलाओं की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के माध्यम से करीब 15 हजार महिलाओं की शिकायत के निस्तारण का प्रयास किया जाएगा।
इस बीच, मानव तस्करी रोकने के लिए कल राष्ट्रीय महिला आयोग और रेलवे सुरक्षा के बीच जयपुर में एमओयू हुआ। समझौते के अनुसार दोनों संस्थाएं मिलकर ह्यूमन ट्रैफिकिंग को रोकने के प्रयास करेंगी। आयोग अध्यक्ष ने बताया कि मानव तस्करी गंभीर अपराध है।

इसके लिए सभी संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि आर.पी.एफ. कार्मिकों के सहयोग से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई काम हुए हैं।

...............

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देश की क्रियटिव ऑरेंज इकॉनोमी दुनिया को भारत की संस्कृति, खान–पान और स्थानीय विक्रेताओं के बारे में बता रही है। कल सबका साथ, सबका विकास – जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार में श्री वैष्णव ने कहा कि प्रौद्योगिकी मीडिया मनोरंजन के क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का नेतृत्व करने में भारतीय कंटेंट क्रियेटर्स की सहायता के लिए वेव्स मंच बनाया गया है। श्री वैष्णव ने बताया कि इसे वैश्विक मंच के रूप में स्वीकार किया गया है।

................

केन्द्र सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने और अतिरिक्त उत्पादन को घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। यह कदम ईंधन आपूर्ति में मौजूदा भू–राजनीतिक तनाव और एलपीजी सप्लाई पर लगी पाबंदियों के मद्देनजर उठाया गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। साथ ही जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए सिलेंडर की दो बुकिंग के बीच का अंतर बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने कल एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जयपुर में अवधि पार अमूल ब्राण्ड की करीब डेढ़ लाख किलो सामग्री नष्ट की है। इस एक्सपायर्ड सामग्री पर तारीख मिटाकर नई तिथि अंकित कर बेचने की तैयारी की जा रही थी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि राज्य सरकार की 181 हेल्पलाइन पर मिली शिकायत के बाद खो नागोरियान क्षेत्र में ये कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि 4 दिन चली इस कार्रवाई में अवधि पार सामग्री 27 ट्रकों में भरकर नष्ट करवाई गई।

राज्य में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए 232 करोड़ रुपये से अधिक के वन और वन्यजीव संरक्षण कार्यों को मंजूरी दी गई है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कल जयपुर में राजस्थान प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण–कैम्पा की बैठक हुई। इसमें संरक्षित क्षेत्र, कंजर्वेशन सोसायटी से संबंधित गतिविधियों की भी समीक्षा की गई।

इस दौरान मुकुंदरा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीव और पर्यटकों की सुविधा के लिए किये जा रहे कामों और गोडावण संरक्षण के बारे में भी जानकारी दी गई।

प्रदेश के दक्षिण और पश्चिम हिस्सों में हीटवेव का असर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिण भागों में अगले तीन–चार दिन तक अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने की संभावना जताई है। वहीं प्रदेश के बाकी हिस्सों में भी अगले तीन–चार दिनों तक अधिकतम तापमान सामान्य से 4 से 8 डिग्री ऊपर रहने के आसार हैं। इस बीच, कल 40 दशमलव 4 डिग्री तापमान के साथ बाड़मेर सबसे गर्म रहा। इसके अलावा अजमेर, जयपुर, कोटा, पाली, जैसलमेर, जोधपुर सहित 17 स्थानों पर पारा 37 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया। राजधानी जयपुर में दिन के पारे में उछाल के साथ ही रात के तापमान में भी 3 डिग्री से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।